निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ सलाहकार- नर्सिंग और मिडवाइफरी (परिवार नियोजन प्रभाग)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं दायित्वः

- आवंटित राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना- राज्य की पीआईपी के लिए जिम्मेदार घटक बजट की समीक्षा करना, मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करना और राज्यों को यथा अपेक्षित सूचना प्रदान करना तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के लिए अंतिम पीआईपी प्रस्तुत करना।
- क्षेत्रगत दौरों के दौरान पर्यवेक्षी स्टाफ, एएनएम/एसएन और एमओ के प्रशिक्षण के माध्यम से परिवार नियोजन सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता में निरंतर सुधार को कारगर बनाने के लिए उत्तरदायी।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त रिपोर्टों/एचएमआईएस में उपलब्ध डेटा/सर्वेक्षण डेटा आदि के विश्लेषण के माध्यम से अनुमोदित राज्य योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करना। राज्यों को कार्यक्रम निगरानी डेटा के आधार पर सूचना का प्रचार-प्रसार/विभिन्न स्रोतो जैसे एचएमआईएस, एनएफएचएस आदि के साथ डेटा ट्राइएंगुलेट करने में सक्षम हों।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने, चुनौतियों का पता लगाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों के आवधिक क्षेत्रगत दौरे करना और इन चुनौतियों पर नियंत्रण रखन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करना।
- कार्यक्रम निष्पादन पर आवधिक रिपोर्ट तैयार करना।
- भारत सरकार द्वारा परिवार नियोजन में की गई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं से संबंधित रिपोर्ट तैयार करना और संभालना।
- कार्य के मुख्य प्राथमिकता क्षेत्रों की निगरानी वर्तमान परिवार नियोजन योजनओं यथा एफपीआईएस, एफपी-एलएमआईएस के माध्यम से की जाएगी।
- वर्तमान परिवार नियोजन दिशा-निर्देशों की समीक्षा और संबंधित दिशा-निर्देश तैयार करना।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा प्रदायगी/गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नियोजन तथा निगरानी प्रणालियों में निरंतर प्रक्रियागत सुधार लाने के लिए राज्यों को सहायता देना।
- उक्त सभी कार्यों की एक समयबद्ध तरीके से प्रदायगी।
- पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य- दायित्व निभाना।

पात्रताः

- एमबीबीएस/ बीएएमएस/ बीएससी-नर्सिंग स्नातक तथा जन स्वास्थ्य में मास्टर्स।
- राष्ट्रीय राज्य स्तर पर परिवार नियोजन में न्यूनतम 3 वर्ष के अनुभव सहित कम से कम 5 या अधिक वर्षों का योग्यतोत्तर अनुभव।
- कम्प्यूटर में दक्षता के साथ संबंधित डेटा और प्रलेख खोजने के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और वेब सर्फिंग जैसे आम रूप से प्रयुक्त होने वाले पैकेजों का उच्च स्तर का ज्ञान हो।
- उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषिक और अंतरवैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल हो।
- बहु-विषयक टीम माहौल में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों का दौरा करने के इच्छुक हों।
- राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- उच्च कोटि का प्रकाशित कार्य रखने वालों या विशिष्ट प्रासंगित कार्य अनुभव रखने वालों को औपचारिक शैक्षिक अर्हता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु सीमाः आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष और अधिक क्षेत्रीय दौरों को करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमाः 90,000/- रु. से 1,50,000- प्रति माह के बीच।

स्थानः नई दिल्ली। राज्यों और जिलों की यात्रा करने के लिए तैयार हों।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **15-Sep-2020** तक rch.recruitment@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।